JALAUN POLICE

**दिनांक – 30.08.2026**

**कोतवाली उरई पुलिस द्वारा 01 गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 05 किलो 641 ग्राम अवैध गांजा बरामद ।**

अपर पुलिस महानिदेशक महोदया, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जनपद जालौन के पर्यवेक्षण व अपर पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व में अवैध शराब के निष्कर्षण व परिवहन एवं नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत कोतवाली उरई पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग के दौरान अभि0 शहनवाज खान पुत्र नियाज खान निवासी मोहल्ला बघौरा थाना कोतवाली उरई जनपद जालौन को 05 किलो 641 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया ।

बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में कोतवाली उरई पर मु0अ0सं0 506/2026 धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्तगण को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण–**

**1.** शहनवाज खान पुत्र नियाज खान निवासी सिंह डेयरी वाली गली मुन्ना की दुकान के पीछे मस्जिद के पास मोहल्ला बघौरा थाना कोतवाली उरई जिला जालौन उम्र करीब 25 वर्ष

**बरामदगी का विवरण-**

1. एक अदद सफेद थैले में 05 किलो 641 ग्राम अवैध गांजा

**गिरफ्तार करने वाली टीम:-**

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उरई मय पुलिस टीम